22 June PhD Program in Management- 2021 batch inaugurated at ICFAI University

इक्फाइ में मैनेजमेंट पीएचडी बैच की शुरुआत

रांची. इक्फाइ विवि में मैनेजमेंट में पीएचडी बैच की बुधवार से शुरुआत की गयी. इस 10वें बैच का उदघाटन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया. विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि विवि में पीएचडी कार्यक्रम एकेडमिक, फार्मेसी, बैंकिंग, आइटी व उद्योगों में कार्य करनेवालों के लिए भी है. इस बैच में देश भर से कई राज्यों के विद्यार्थियों ने नामांकन लिया है. डॉ हरि हरन ने कहा कि यहां पीएचडी कार्यक्रम कठोर हैं. इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि अभ्यर्थी अपने समय का अच्छी तरह से प्रबंधन करें. डॉ सत्येंद्र किशोर ने अभ्यर्थियों को अनुशासन और शोध लेखों को गंभीर रूप से पढ़ने की आदत डालने की सलाह दी. सहायक डीन डॉ भागवत बारिक ने पीएचडी कोर्स के संचालन की जानकारी दी. डॉ सुदीप्त मजूमदार ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

प्रभात खबर
Thu, 24 June 2021
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/61